Mechanised Boats

86. Shri A. K. Gopalan: Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state:

(a) the target of construction of the mechanised boats during the Third Five Year Plan period;

(b) the number of mechanised boats completed during 1961-62; and

(c) the number of boats completed in each of the States of Kerala and Madras?

The Deputy Minister in the Ministry of Food and Agriculture (Shri A. M. Thomas): (a) About 4,000 boats are proposed to be mechanized during the Third Plan period.

(b) and (c). The necessary information is being collected and will be laid on the table of the Sabha as soon as it is collected.

बेर के फल में सुधार

८७. **श्री तन सिंह :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बेर के फल में सुधार के सम्बन्ध में कोई अनुसन्धान कार्य किया जा रहा है ;

(ख) देश में किन किन स्थानों अथवा राज्यों में क्या कार्य किया जा रहा है;

(ग) इस पर कितना खर्च हुआ है; और

(घ) अनुसन्धान के क्या परिणाम रहे; और

(ङ) इन परिणामों को कार्यान्वित करने के सम्बन्ध में क्या योजना बनाई गई और उस पर कितना खर्च होने की सम्भावना है ?

खाद्य और कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) बर के फल के सम्बन्ध में निम्न स्थानों पर अनुसन्धान कार्य किया जा रहा है :—

(१) राजस्थान (अजमेर)

(२) पंजाब (बहादुरगढ़)

(३) मध्य प्रदेश (गोबिन्दगढ़ और सिलारी फार्म)

(४) गुजरात (जूनागढ़)

(ग) बेर फल के अनुसन्धान के सम्बन्ध में अब तक (लगभग) १,७६,००० रुपये खर्च हुए हैं ।

(घ) अनुसन्धान योजनाओं पर कार्य जारी है और वास्तविक परिणाम अभी प्राप्त होने हैं । फिर भी, मध्य प्रदेश में अभी तक जो कार्य हुआ है, उसके अनुसार नामों, गोल और बादामी नामक तीन किस्में वहां के बेर उगाने वाले प्रदेशों के लिये उपयुक्त पाई गई है । इन किस्मों पर फल-मक्खी के हमले की सम्भावना कम है ?

(ङ) मध्य प्रदेश में बागानी अनुभाग का विस्तार स्टाफ घटिया किस्म के बेरों पर बढ़िया किस्म के बेरों की कलमें बढ़ान के लिय इन परिणामों को काम में ला रहा है ।

विभिन्न केन्द्रों में चल रहे कार्य के अन्तिम परिणाम अभी प्राप्त होने हैं और ज्यों ही यह कार्य हो जायेगा, उपयोगी परिणामों के प्रचार के लिये कदम उठाये जायेंगे ।

राजस्थान में भेड़ पालन केन्द्र

८८. **श्री तन सिंह :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) द्वितीय पंचवर्षीय योजाना के अन्तर्गत कितने भेड़ पालन केन्द्र राजस्थान में स्थापित किये गये और उन की जिलेवार संख्या क्या है;

(ख) इन केन्द्रों की क्या मुज्य प्रवृत्तियां थीं और वे उन में कहां तक सफल हुए;

(ग) इन पर द्वितीय योजना की अवधि में क्या व्यय किया गया ; और